# भविष्य का PARRAMATTA
# कार्यनीति की एक झलक

प्रदर्शनी प्रारूप
अगस्त 2023

2023 — 2032

PARRAMATTA

# आज उज्ज्वल!
# कल और अधिक जीवंत!
# भविष्य के PARRAMATTA का आरंभ आप से होता है!

भविष्य कभी भी इतना उज्ज्वल प्रतीत नहीं हुआ और 2023-2032 के लिए चार नई कार्यनीतियों के जन प्रदर्शन के साथ Parramatta का रूपांतरण जारी है:

1. आर्थिक विकास कार्यनीति
2. पर्यावरणीय स्थायित्व कार्यनीति
3. स्मार्ट सिटी एवं नवकल्पना कार्यनीति
4. सामाजिक स्थायित्व कार्यनीति

हमारी सामुदायिक रणनीतिक योजना 2018-2038 (सीएसपी) द्वारा स्थापित दीर्घकालिक दृष्टिकोण, वर्तमान कार्यनीतियों और हमारे समुदाय एवं साझेदारों से परामर्श के माध्यम से आगे और अधिक विकसित करके, इन चार कार्यनीतियों का उद्देश्य इस संकल्पना को साकार करना है।

इस दस्तावेज़ में चार कार्यनीतियों में से प्रत्येक का सारांश प्रस्तुत किया गया है, और हमारी संकल्पना के बारे में आपको अपना दृष्टिकोण साझा करने और हमारी सिटी को पहले से कहीं अधिक स्मार्ट, हरा-भरा, अधिक न्यायसंगत और ज्यादा समृद्ध बनाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका की तलाश के लिए आमंत्रित किया गया है।

कार्यनीतियों के प्रारूप में व्यक्त आकांक्षाओं को साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकने की अपनी सिटी की क्षमता का सक्रिय रूप से निर्माण करें और सामने आ रहे अवसरों को देखकर तेजी से प्रतिक्रिया करें। प्रत्येक कार्यनीति में एक कार्य-योजना को शामिल किया गया है जिसमें उन कदमों की विस्तृत रूपरेखा दी गई है जिन्हें इन कार्यनीतियों के पूरे विस्तार-काल में काउंसिल द्वारा उठाया जाएगा ताकि अपनी प्राथमिकताओं के दायरे में हमें इन लक्ष्यों को पाने में मदद मिल सके और अपनी सिटी को हम सफलता के सतत पथ की ओर ले जा सकें।

इन कार्य-योजनाओं की वार्षिक रूप से निगरानी की जाएगी और कार्यनीतियों के क्रियान्वयन की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए चार वर्षों के बाद उन्हें अपडेट किया जाएगा। कार्य-योजनाओं के बारे में और अधिक जानने के लिए देखें: **https://participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/future-parramatta**

आप राय दें और हमारी सिटी का भविष्य गढ़ने में सहायता करें।

SCAN ME

# आर्थिक विकास कार्यनीति की एक झलक

### एक अधिक समृद्ध PARRAMATTA में निवेश

## हमारा विज़न

हमारा विज़न (संकल्पना) यह है कि City of Parramatta ग्रेटर सिडनी का आर्थिक केंद्र बन जाए; वह वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी, कनेक्टेड और जीवंत बने।

हमारी सामुदायिक रणनीतिक योजना 2018-2038 (सीएसपी) द्वारा स्थापित दीर्घकालिक दृष्टिकोण, और हमारे समुदाय एवं साझेदारों से परामर्श के माध्यम से आगे और अधिक विकसित, आर्थिक विकास कार्यनीति का उद्देश्य इस संकल्पना को साकार करना है।

Parramatta के भविष्य में निवेश करके, हम अपनी सिटी में एक लोचपूर्ण और जीवंत अर्थ-व्यवस्था का निर्माण कर सकते हैं।

## हमारे सिद्धांत


आर्थिक विकास कार्यनीति पांच सिद्धांतों पर आधारित है। ये सिद्धांत निर्णय लेने की प्रक्रिया और हमारे कदमों के क्रियान्वयन को मार्गदर्शित करते हैं:

- **स्थानीय बिज़नेस का प्राथमिकीकरण**
- **साझेदारी प्रदान करना**
- **नवकल्पनाशील**
- **समग्रतावादी दृष्टिकोण**
- **समावेशी अवसर**

## हमारी प्राथमिकताएं

हमारी संकल्पना को पूर्ण करने के लिए, इस कार्यनीति में अगले 10 वर्षों के लिए पांच प्राथमिकताएं तय की गई हैं:

- **एक समृद्ध सिटी:** हमारी अर्थ-व्यवस्था सुदृढ़, विविधतापूर्ण और लोचपूर्ण हो।
- **एक समेकित और सुनियोजित सिटी:** नौकरियों, सेवाओं और अवकाशों की सुलभता के साथ हमारी सिटी समेकित और सुनियोजित हो।
- **एक बिज़नेस-फ्रेंडली सिटी:** हमारे बिज़नेस सफल होने में सक्षम हों।
- **एक कुशल सिटी:** हमारे समुदाय के पास रोजगार में सफल होने के लिए पर्याप्त कौशल एवं अवसर उपलब्ध हों।
- **एक जीवंत सिटी:** हमारी सिटी जीवंत और सबका पसंदीदा गंतव्य हो।



# पर्यावरण कार्यनीति की एक झलक

## एक नवसृजनात्मक PARRAMATTA का चैम्पियन बनना

## हमारा विज़न

***एक प्रकृति-उन्मुख, स्थायित्वपूर्ण, लोचपूर्ण, और नवसृजन की ओर अग्रसर सिटी***

हमारा पर्यावरण Parramatta की पहचान और उसके कल्याण के मूल में है, तथा जलवायु परिवर्तन और हमारे समुदाय के विकास की दृष्टि से वह हमारे कार्य का केंद्रीय तत्व है।
हमारी सामुदायिक रणनीतिक योजना 2018-2038 (सीएसपी) द्वारा स्थापित दीर्घकालिक दृष्टिकोण, और हमारे समुदाय एवं साझेदारों से परामर्श के माध्यम से आगे और अधिक विकसित, पर्यावरण स्थायित्व कार्यनीति 2023-2032 इस संकल्पना को साकार करने की हमारी योजना को निरूपित करती है।

यह कार्यनीति निम्नांकित प्रमुख प्रेरक तत्वों पर काम करती है:

- **जलवायु सम्बंधी कार्य**
- **नगरीय लोचपूर्णता**
- **पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक नवसृजन (नवसृजन)**

## हमारी प्राथमिकताएं

Parramatta के लिए हमारी संकल्पना को पूर्ण करने के लिए, इस कार्यनीति में पांच वरीय क्षेत्रों की स्थापना की गई है:

- **जलवायु के प्रति सकारात्मक:** 'नेट ज़ीरो' से आगे बढ़ने के लिए हम जलवायु परिवर्तन प्रतिकार्य के संवाहक हैं।
- **भविष्य के लिए तत्पर समुदाय:** हमारी सिटी और हमारे समुदाय लोचपूर्ण एवं स्थायित्वपूर्ण हैं।
- **नील हरित (ब्लू-ग्रीन) सिटी:** हमारे ब्लू और ग्रीन नेटवर्क हमारी सिटी प्लानिंग के मूल में हैं।
- **प्रकृति के प्रति सकारात्मक:** हम अपने प्राकृतिक स्थलों, जलमार्गों और वन्य जीवन का नवसृजन और संरक्षण करते हैं।
- **सर्कुलर अर्थव्यवस्था:** हम सर्कुलर अर्थव्यवस्था और 'होल-ऑफ-वेस्ट' सिस्टम की ओर परिवर्तन के संवाहक हैं।

## हमारे सिद्धांत

यह कार्यनीति निम्नांकित सिद्धांतों पर आधारित है जो हमारे कदमों को मार्गदर्शित करेंगे:

- **काउंसिल लीडरशिप**
- **सुदृढ़ साझेदारी**
- **फर्स्ट नेशंस कॉलेबोरेशन**
- **समुदाय का सशक्तीकरण**



# स्मार्ट सिटी और नवकल्पना कार्यनीति की एक झलक

## नवकल्पनाशील PARRAMATTA के लिए सहकार्य

## हमारा विज़न

***एक जीवंत, स्थायित्वपूर्ण, और कनेक्टेड नवकल्पना केंद्र जो विचारों के विनिमय को पोषित करता है।***

Parramatta के लिए हमारी संकल्पना एक ऐसे उन्नतिशील केंद्र के रूप में है जहां लोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, साथ मिलकर काम और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। हमारी सामुदायिक कार्यनीतिक योजना यानि Community Strategic Plan 2018-2038 (CSP) द्वारा संस्थापित दीर्घकालिक संकल्पना के आधार पर और हमारे समुदाय एवं साझेदारों से परामर्श के माध्यम से स्मार्ट सिटी एवं नवकल्पना कार्यनीति इस संकल्पना को साकार करने की हमारी योजना को निरूपित करती है।

## हमारे सिद्धांत

यह कार्यनीति छः सिद्धांतों पर आधारित है। ये सिद्धांत हमारे कदमों के क्रियान्वयन को मार्गदर्शित करते हैं:

- **समुदाय प्रथम**
- **पारदर्शी**
- **सहकार्यात्मक**
- **प्रायोगिक**
- **संसाधन-सम्पन्न**
- **समावेशी**

## हमारी प्राथमिकताएं

Parramatta के लिए हमारी इस संकल्पना को पूर्ण करने के लिए, इस कार्यनीति में अगले 10 वर्षों के लिए छः प्राथमिकताएं निर्धारित की गई हैं:

- **एक डेटा-नीत एवं नवकल्पनाशील संगठन**
- **जलवायु अनुकूलन एवं वर्तुल अर्थव्यवस्था**
- **प्रज्ञ एवं संयोजित परिवहन प्रणाली**
- **रूपांतरशील नगरीय प्रौद्योगिकी**
- **उन्नतिशील नवप्रवर्तन परितंत्र**
- **रचनात्मक सामुदायिक अनुभव**

# सामाजिक स्थायित्व कार्यनीति की एक झलक

### एक अधिक न्यायसंगत PARRAMATTA का निर्माण

## हमारा विज़न

हमारी सामुदायिक रणनीतिक योजना 2018-2038 (सीएसपी) द्वारा स्थापित दीर्घकालिक दृष्टिकोण, और हमारे समुदाय एवं साझेदारों से परामर्श के माध्यम से आगे और अधिक विकसित, सामाजिक स्थायित्व कार्यनीति की संकल्पना एक न्यायसंगत एवं लोचपूर्ण Parramatta का निर्माण करना है।

***परिवर्तन और विकास से जुड़ी चुनौतियों के प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से, Parramatta एक न्यायसंगत एवं लोचपूर्ण सिटी के रूप में विकसित होगा जहां निवासी सुरक्षित होंगे, एक-दूसरे से 'कनेक्टेड' होंगे, और उनके पास सम्मानित एवं सफल जीवन जीने के लिए सभी आवश्यक साधन होंगे।***

## हमारे सिद्धांत

सामाजिक स्थायित्व कार्यनीति छः सिद्धांतों पर आधारित है। ये सिद्धांत हमारे कदमों के क्रियान्वयन को मार्गदर्शित करते हैं:

- **न्यायसंगत**
- **समावेशी**
- **स्वास्थ्य के बारे में समग्रतावादी समझ का समावेश**
- **सहकार्यात्मक एवं लोकतांत्रिक**
- **साहसी**
- **पारदर्शी एवं दायित्वपूर्ण**

## हमारी प्राथमिकताएं

न्यायसंगत एवं लोचपूर्ण Parramatta की अपनी संकल्पना को पूरा करने के लिए, इस कार्यनीति में अगले 10 वर्षों के लिए पांच प्राथमिकताएं निर्धारित की गई हैं:

- **सामाजिक रूप से संयोजित समुदाय**
  हम उच्च कोटि के सार्वजनिक स्थल, सुविधाएं और कार्यक्रम उपलब्ध कराएंगे जिनसे Parramatta के निवासी सुदृढ़ सामाजिक नेटवर्कों की रचना कर सकेंगे।
- **सुरक्षित, समावेशी और स्वागतपूर्ण सिटी**
  यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे कि सभी निवासी और आगंतुक हमारी सिटी में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाने के लिए सुखद, सुरक्षित और सशक्त अनुभव कर सकें।
- **एक ऐसा समुदाय जहां लोग स्वस्थ जीवन जी सकें**
  अपने निवासियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए हम सेवाएं प्रदान करेंगे और साथ ही उसमें सहकार्य एवं उसका समर्थन करेंगे।
- **सबके लिए किफ़ायती एवं विविधतापरक घरों से सम्पन्न सिटी**
  जीवन के सभी चरणों में हमारे निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं किफ़ायती घर की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए हम योजना बनाएंगे और उसका समर्थन करेंगे।
- **ज्ञान एवं अवसरों की सिटी**
  जीवन के सभी चरणों में हमारे निवासी ज्ञान अर्जित कर सकें, विकास कर सकें और सफल जीवन जी सकें इसके लिए हम अवसरों का सृजन करेंगे।



# अपनी राय दें!

## कैसे

***कार्यनीतियों के प्रत्येक प्रारूप के बारे में आप अपने सुझाव निम्नांकित तरीकों से दे सकते हैं:***

***ऑनलाइन***
Participate Parramatta के माध्यम से अपना प्रत्युत्तर सबमिट करें: **https://participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/future-parramatta**

***ईमेल***
निम्नांकित ईमेल के माध्यम से प्रोजेक्ट टीम से सम्पर्क करें: strategies@cityofparramatta.nsw.gov.au
विषय के स्थान पर लिखें: 'Feedback on Strategies'

***डाक द्वारा***
पत्र इस पते पर भेजें: City of Parramatta Council, PO Box 32, Parramatta NSW 2124, ATTN: City Strategy.

## कब

सभी प्रस्तुतियां हमें16अक्टूबर 2023 को सायं 5 बजे तक मिल जाएं। आपके सुझावों को नवंबर 2023 में काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। और अधिक जानकारी के लिए, या अगर आपको किसी अन्य प्रारूप में जानकारी चाहिए तो, कृपया 9806 5137 पर फोन करें, समय: सुबह 9 बजे से साय 4.30 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार।